भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 1467

उत्तर देने की तारीख: 28.07.2026

सफाई कर्मियों का पुनर्वास

1467. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के अंतर्गत हाथ से मैला उठाने और खतरनाक स्वच्छता कार्य में लगे व्यक्तियों की पहचान करने संबंधी आंकड़ा है और यदि हां, तो चिह्नित किए गए ऐसे व्यक्तियों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजना के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय सहायता, एकमुश्त नकद सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण और रियायती ऋणों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के कारण हुई मौतों की दर्ज संख्या कितनी है तथा मृतकों के परिवारों को भुगतान किए गए मुआवजे का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सीवर सफाई कार्यों के मशीनीकरण और पुनर्वास पहलों के लिए आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रामदास आठवले)

(क): 2013 और 2018 में किए गए दो सर्वेक्षणों के दौरान 58,098 हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों की पहचान की गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अनुसार पहचाने गए हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों की संख्या **संलग्नक-I** में दी गई है। हाल ही में, देश के सभी जिलों में "हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013" के प्रावधानों के अनुसार हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों का एक नया सर्वेक्षण किया गया, जिसमें कोई भी हाथ से मैला उठाने वाला कर्मी नहीं पाया गया है।

(ख): पहचाने गए सभी पात्र हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों को एकमुश्त नकद सहायता दी गई है। पिछले पांच वर्षों के दौरान नमस्ते योजना के तहत दिए गए कौशल विकास प्रशिक्षण और पूंजीगत सब्सिडी का वर्ष-वार और राज्य-वार विवरण **संलग्नक-II** में दिया गया है।

(ग): राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) की रिपोर्ट के अनुसार, दिनांक 01.01.2021 से 30.06.2026 तक सीवर और सेप्टिक टैंकों की जोखिमपूर्ण सफाई के कारण अपनी जान गंवाने वाले सफाई कर्मियों तथा इन मृत सफाई कर्मियों के कानूनी उत्तराधिकारियों/आश्रितों को भुगतान किए गए मुआवजे का राज्य-वार तथा वर्ष-वार विवरण **संलग्नक-III** में दिया गया है।

(घ): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 1 अक्टूबर, 2021 को स्वच्छ भारत मिशन - शहरी (एसबीएम-यू) 2.0 का शुभारंभ किया था। इसमें एक नया घटक अर्थात् प्रयुक्त जल प्रबंधन (यूडब्ल्यूएम) शामिल है, जिसका एक उद्देश्य सीवर और सेप्टिक टैंकों में खतरनाक प्रवेश को बंद करना तथा सीवर और सेप्टिक टैंकों की हाथ से सफाई को क्रमिक रूप से बंद करते हुए मशीनों से सफाई कराना है। 1 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को सेप्टिक टैंक की गाद निकालने (डी-स्लजिंग) के लिए पर्याप्त संख्या में उपकरण आदि की खरीद के लिए केंद्रीय सहायता राशि जारी की जाती है। एसबीएम-यू 2.0 (2021-26) के यूडब्ल्यूएम घटक के तहत, सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को इस मिशन की अवधि के लिए केंद्रीय हिस्से के तौर पर 15,926.55 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, न कि वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर। आवंटित निधि में से, 15,421.72 करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्से वाली कार्ययोजना को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है।

संलग्नक-I

'सफाई कर्मियों का पुनर्वास' के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1467, जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक-I

2013 और 2018 में आयोजित दो सर्वेक्षणों में पहचाने गए हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	राज्य	2013 में आयोजित किया गया सर्वेक्षण	2018 में आयोजित किया गया सर्वेक्षण	कुल
1.	आंध्र प्रदेश	59	1734	1793
2.	असम	150	3771	3921
3.	बिहार	131	-	131
4.	छत्तीसगढ़	3	-	3
5.	गुजरात	-	105	105
6.	झारखंड	-	192	192
7.	कर्नाटक	689	2238	2927
8.	केरल	-	518	518
9.	मध्य प्रदेश	36	474	510
10.	महाराष्ट्र	-	6325	6325
11.	ओडिशा	230	-	230
12.	पंजाब	90	141	231
13.	राजस्थान	333	2340	2673
14.	तमिलनाडु	342	56	398
15.	उत्तर प्रदेश	11589	20884	32473
16.	उत्तराखंड	134	4854	4988
17.	पश्चिम बंगाल	95	585	680
	कुल योग	**13881**	**44217**	**58098**

संलग्नक-II

'सफाई कर्मियों का पुनर्वास' के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1467, जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2026 को दिया जाना है, के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक-II

पिछले पांच वर्षों के दौरान हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के पुनर्वास के लिए स्व-रोजगार योजना (एसआरएमएस) और राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्ययोजना (नमस्ते) योजना के तहत प्रदान किए गए कौशल विकास प्रशिक्षण और पूंजीगत सब्सिडी का वर्ष-वार और राज्य-वार विवरण इस प्रकार है:-

क्र.सं.	राज्य	पहचाने गए हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों की कुल संख्या	कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम					पूंजीगत सब्सिडी				
			2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
1	आंध्र प्रदेश	1793	72	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2	असम	3921	60	138	-	-	-	-	-	-	2	7
3	बिहार	131	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
4	छत्तीसगढ	3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
5	गुजरात	105	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
6	झारखंड	192	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
7	कर्नाटक	2927	98	-	228	-	89	208	315	130	18	-
8	केरल	518	-	-	12	-	-	-	-	-	-	-
9	मध्य प्रदेश	510	-	145	-	-	-	-	-	-	-	-
10	महाराष्ट्र	6325	234	72	-	153	113	1	2	6	-	56
11	ओडिशा	230	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
12	पंजाब	231	-	-	-	-	-	-	5	-	-	-
13	राजस्थान	2673	128	480	302	184	256	-	-	-	14	32
14	तमिलनाडु	398	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
15	उत्तर प्रदेश	32473	2036	2300	1270	978	1041	107	8	55	32	109
16	उत्तराखंड	4988	195	279	172	316	502	-	-	-	22	-
17	पश्चिम बंगाल	680	-	-	16	-	-	61	384	-	-	-
कुल		58098	2823	3414	2000	1631	2001	377	714	191	88	204

संलग्नक-III

'सफाई कर्मियों का पुनर्वास' के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1467, जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2026 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक-III

01.01.2021 से 30.06.2026 तक सीवर और सेप्टिक टैंकों की जोखिमपूर्ण सफाई के कारण अपनी जान गंवाने वाले सफाई कर्मियों तथा इन मृत सफाई कर्मियों के कानूनी उत्तराधिकारियों/आश्रितों को भुगतान किए गए मुआवजे का राज्य-वार तथा वर्ष-वार विवरण इस प्रकार है:-

क्र.सं.	राज्य का नाम	2021			2022			2023			2024			2025			30.06.2026 तक		
		मौतों की संख्या	पूर्ण मुआवजे का भुगतान किया गया	आंशिक मुआवजे का भुगतान किया गया	मौतों की संख्या	पूर्ण मुआवजे का भुगतान किया गया	आंशिक मुआवजे का भुगतान किया गया	मौतों की संख्या	पूर्ण मुआवजे का भुगतान किया गया	आंशिक मुआवजे का भुगतान किया गया	मौतों की संख्या	पूर्ण मुआवजे का भुगतान किया गया	आंशिक मुआवजे का भुगतान किया गया	मौतों की संख्या	पूर्ण मुआवजे का भुगतान किया गया	आंशिक मुआवजे का भुगतान किया गया	मौतों की संख्या	पूर्ण मुआवजे का भुगतान किया गया	आंशिक मुआवजे का भुगतान किया गया
1	आंध्र प्रदेश	2	2	-	3	3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2	बिहार	-	-	-	-	-	-	2	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
3	दादरा और नगर हवेली	3	3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
4	दिल्ली	4	4	-	10	10	-	-	-	-	7	6	-	5	3	-	3	-	-
5	गोवा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	-	1	-	-	-	-	-	-
6	गुजरात	5	5	-	7	7	-	10	10	-	-	-	-	3	3	-	2	2	-
7	हरियाणा	6	6	-	23	19	4	6	2	1	1	-	-	7	2	-	4	-	-
8	झारखंड	-	-	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
9	कर्नाटक	7	7	-	-	-	-	3	2	-	2	2	-	-	-	-	-	-	-
10	मध्य प्रदेश	5	5	-	-	-	-	2	2	-	3	3	-	1	-	1	2	2	-
11	महाराष्ट्र	7	7	-	19	17	1	10	10	-	14	8	4	5	-	-	3	-	-
12	ओडिशा	2	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
13	पंजाब	2	2	-	-	-	-	6	6	-	1	1	-	3	3	-	-	-	-
14	राजस्थान	1	1	-	-	-	-	10	10	-	7	7	-	3	3	-	2	2	-
15	तमिलनाडु	3	3	-	14	13	-	9	8	-	6	6	-	6	5	-	-	-	-
16	तेलंगाना	4	4	-	1	1	-	1	-	1	3	3	-	-	-	-	-	-	-
17	उत्तर प्रदेश	5	5	-	11	11	-	2	-	1	9	3	-	10	4	-	-	-	-
18	पश्चिम बंगाल	6	6	-	-	-	-	3	-	3	-	-	-	4	3	-	-	-	-
	कुल	62	62	-	88	81	5	65	53	6	54	39	5	47	26	1	16	6	-

*****